

# VIVEKANAND MISSION SCHOOL

**BILEY VIHAR, DAUDNAGAR, DISTT.-AURANGABAD (BIHAR) 824113**

**(A Senior Secondary School Affiliated to C.B.S.E, New Delhi)**

---

**<u>महत्वपूर्ण सूचना</u>** **दिनांक 30.12.2021**

1. "आजादी का अमृत महोत्सव" परियोजना के अंतर्गत भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने वेबिनार के माध्यम से बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी है | विद्यालय के निदेशक महोदय ने भी सुबह की सभा में विस्तार से इसपर प्रकाश डाला है, समझाया है |

कार्यक्रम के अंतर्गत 1) देशभक्ति लोरी, 2) देशभक्ति गीत 3) देश प्रेम या देश और अपनी मातृभूमि पर गर्व करने की भावना या अपनी महान संस्कृति पर रंगोली बनाना |

लोरी और देशभक्ति गीत कागज़ पर लिखकर प्राचार्य के पास जमा करें | लिखे गए लोरी / गीत की जांच कर आपको वापस दिया जाएगा | इसके बाद आप सुन्दर डिजाईन में सादे कागज़ पर बॉर्डर बना कर लिखें | सबसे नीचे अपना नाम, क्लास, क्रमांक, स्कूल का नाम लिखें | तब इसे प्राचार्य के पास जमा करें | प्रतियोगिता में भाग लेने की व्यवस्था विद्यालय करेगा |

रंगोली बनाने के लिए 3 जनवरी और 4 जनवरी की तिथि तय की गयी है | सभी सामग्री के साथ बच्चे विद्यालय के लिच्छवी सभागार में निर्धारित स्थल पर रंगोली बनायेंगे | प्रतियोगिता में शामिल होने की व्यवस्था विद्यालय द्वारा किया जाएगा |

2. आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विद्यालय अन्य विषयों पर भी प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है | इसके अन्तर्गत 4 जनवरी 2022 तक बच्चे अपनी रूचि के अनुसार Physics, Chemistry, Mathematics, Biology विषय में से कोई प्रोजेक्ट बड़े ड्राइंग सीट पर बनायेंगे और इसके लिए विभिन्न रंगों का प्रयोग करेंगे| Project जैसे human heart, purification of water, photosynthesis, solar system, crystallization, electromagnetic aspects, etc. Waste Material से models भी बना सकते हैं |

इसी प्रकार से social science में project का विषय हो सकता है :- Agriculture system, Important Falls, Important Crops, Industrialization, Types of Yoga, Parts of the Body, Water Harvesting, Musical Instruments in India, Sports, Family Life, Gardens, sanctuaries and forests, historical remains- temples and monuments .
Literature में भी project बनाने की कल्पना की जा सकती है | इसके लिए संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी भाषा के कवियों का चित्रांकन स्वलिखित कविता, कहानी किसी भाषा में A4 साइज़ सादे कागज़ पर सुन्दर सजाकर लिखें | अंत में कविता/ कहानी का सन्देश भी लिखा जाए |

3. 2021 की अंतिम तिथि 31.12.2021 और नववर्ष के 01 जनवरी 2022 को अवकाश दिया गया है | 02 जनवरी को रविवार है | अतः इस अवधि में -- चलें कुछ अच्छा करें, कुछ नया गढ़ें, कुछ सृजित करें, अपनी अपनी माटी, अपनी संस्कृति, अपने देश और अपने परिवार पर गर्व करें, कुछ रंगारंग बनाएं कुछ प्रेरणा की लकीर खीचें | अवकाश का सदुपयोग करें, आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाएं | रंगोली और models/ projects के लिए exhibition 4 जनवरी को लिच्छवी सभागार में लगाया जाएगा |

**प्राचार्य**

**विवेकानंद मिशन स्कूल**